53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.4°c अधिकतम 25.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:55, सूर्यास्त - 5:20 | वर्ष : 53/ अंक : 330 | रविवार, 30 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

'भय' और 'शक' जीवन की गंगा में 'विष' घोल देता है।


अखिलेश यादव घुसपैठियों को भारत का नागरिक बनाकर वोटर बनाना चाहते हैं : एस पी सिंह बघेल



चाहने से क्या होता है?... वो तो तेजस्वी को सीएम भी बनाना चाहते थे...

# आरआई के पुत्र एमबीबीएस छात्र ने मेरठ में की आत्महत्या

- बेटे गोपेश कृष्ण का शव देखकर फफक-फफक कर रो पड़े आरआई पिता उदल सिंह
- पिता बोले - धोखा दे गया बेटा, पुलिस विभाग में शोक, परिवार में मचा कोहराम



गोपेश कृष्ण, मृतक



**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)।** कभी-कभी पिता को खूब बड़ा ओहदा होने के बाद भी ऐसे दुख के दिन देखने पड़ते हैं, जैसे किसान की लह-लहाती फसल पर ओले पड़ गए हों। शनिवार को शुभारती विश्वविद्यालय के एक छात्र गोपोश कृष्ण की आत्महत्या की सूचना जब मिली तो पुलिस महकमें में शोक की लहर दौड़ गयी। उस समय तो लोगों की आंखों में आंसू आ गए जब पिता उदल सिंह बेटे के शव को देखकर फफक-फफककर रो पड़े और बोले-धोखा दे गया बेटा। रोते हुए उदल सिंह की आंखों में उम्मीद के आंसू साफ दिख रहे थे। दरअसल जब बेटा जवान होता है तो पिता को उम्मीद होती है कि अब तो एमबीबीएस का प्रथम वर्ष खत्म होने वाला है और अगले कुछ वर्षों में उनका बेटा डॉक्टर बन जाएगा, ऐसी ही उम्मीद रिजर्व निरीक्षक उदलसिंह की आंखों में भी साफ दिखाई पड़ रही थी। आरआई के पुत्र गोपेश कृष्ण ने किस कारण आत्महत्या की, यह बात तो गोपनीय रखी गयी है। हालांकि कुछ दिन बाद उसके कारण भी सामने आ जाएंगे, फिलहाल पुत्र की मौत से आरआई होते हुए भी पिता के कांधे झुके दिखाई दिये।

बताया जाता है कि घटना सरधना थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने कमरे की फोरेंसिक जांच कर छात्र के मोबाइल को अपने कब्जे में ले लिया है। आरआई के पुत्र गोपेश मूल रूप से अलीगढ़ के डिफेंस कम्पाउंड, संगम सिटी का निवासी था। गोपेश का एक और भाई है, जो कि छोटा और क्रिकेटर है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। उधर, यूनिवर्सिटी परिसर में इस दर्दनाक घटना के बाद छात्रों में गम का माहौल है। छात्र प्रशासन से सुरक्षा और काउंसलिंग सुविधाओं को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस घटना को लेकर की गंभीरता से छात्र के दोस्तों, रूम पार्टनर और फैकल्टी से जानकारी जुटा रही है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। गोपेश की आत्महत्या की सूचना मिलते ही यहां पुलिस विभाग में शोक छा गया। अलीगढ़ में उनके परिवार को इसकी जानकारी मिलते ही कोहराम मच गया।

## युवक की ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से हुई मौत

**बुढ़ाना, 29 नवम्बर (बु.)।** अपने मामा के यहां पर मेहमान आया युवक ट्रैक्टर की टक्कर लगने से मौत के मुंह में समा गया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। फुगाना थाना क्षेत्र के गांव कुरावा निवासी अरविंद कुमार के यहां पर आज शनिवार की सुबह उसका सगा भांजा योगेश कुमार पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी गांव जसाला थाना कांधला जनपद शामली मेहमानदारी में आया हुआ था, जब वह अपने मामा अरविंद कुमार के घर के बाहर खड़ा हुआ था, तो तभी तेज गति से आए एक ट्रैक्टर के चालक ने ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर योगेश कुमार को मार दी और ट्रैक्टर सहित फरार हो गया, जबकि टक्कर लगते ही योगेश नीचे गिर पड़ा और खून से तरबतर हो गया। उसके मामा ने गांव के लोगों की सहायता से गंभीर रुप से घायल हुए योगेश को गांव के ही एक चिकित्सक को दिखाया, तो उसने उसको कहीं और ले जाने को कहा। कुछ ही देर बाद घटना की सूचना पर फुगाना पुलिस मौके पर आ गयी और बुढ़ाना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को मिली, तो उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## अजमेरी ढोंगी बाबाओं से सावधान

**खुद को सिद्ध बाबा बताकर महिलाओं का भरोसा जीतकर ठगते थे भाईजान**



**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)।** अजमेरी ढोंगी बाबाओं से सावधान रहिए। खुद को अजमेर शरीफ का पीर बाबा बताकर समस्याओं के समाधान के नाम पर महिलाओं का भरोसा जीतकर अकेली महिलाओं को ठगने वाले गिरोह के तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ठगी का माल भी बरामद कर लिया है।

पुलिस ने महिलाओं से जेवर आदि की ठगी करने वाले इब्राहिम (55 वर्ष), शाकीर (35 वर्ष) और अजीम (32 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। इब्राहिम और शाकीर मुजफ्फरनगर शहर और अजीम हरियाणा का रहने वाला है। शायद ही कोई घर हो जहां कोई ना कोई परेशानी ना हो। ऐसे में कोई उन्हें उनकी समस्या का समाधान करने का भरोसा दे तो विश्वास जम जाता है। ऐसे ही एक गिरोह के सदस्य खुद को अजमेर से आया पीर बाबा बताकर घरों में पहुंच कर महिलाओं को विश्वास में लेकर अपने पास अजमेर शरीफ के पीर की विशेष सिद्धि बताकर उनकी समस्याओं के समाधान का झांसा देते थे कि उनके पास है, जिससे वे किसी भी परेशानी को तुरंत दूर कर सकते हैं। इस विश्वास का फायदा उठाकर वे महिलाओं से उनके गहने और नकदी ठग लेते थे। उन्होंने हाल ही में मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल के पास एक अकेली महिला को इन ठगों ने निशाना बनाया। आरोपियों ने महिला को विश्वास में लेकर उससे एक सोने की अंगूठी, एक चांदी की अंगूठी, एक जोड़ी सोने के कुंडल और एक चांदी की चेन ठग ली थी। महिला की शिकायत पर नगर कोतवाली पुलिस हरकत में आई। सूचना पर पुलिस ने नगर कोतवाली क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर रोड भट्टे के पास दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से ठगी गई सभी ज्वेलरी बरामद कर ली है। पूछताछ में सामने आया है कि ये आरोपी लंबे समय से इस तरह की ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी विभिन्न राज्यों में भी ऐसी वारदातों को अंजाम देते रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितनी महिलाओं को ठगा है और अन्य राज्यों में इनके खिलाफ दर्ज मुकदमों की भी जांच की जा रही है। पकड़े गए ढोंगी बाबाओं से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (ग़ाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ विशेषज्ञों से परामर्श अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में



**डॉ. चिराग जैन**
प्रिंसिपल कंसल्टैंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 | सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

**समस्याएँ:** वजन का कम होना, खून की कमी या अनेमिया, थकान और कमजोरी का अनुभव करना, खून में गंध, खून की गिल्टी या खून गर्म होना, खांसी या सांस लेने में परेशानी, भूख की कमी, पेट का बढ़ जाना, पेट में अनियमितता या कब्ज, स्तन या अंडकोष में गांठ का होना इत्यादि।

**डॉ. राजिंदर कौर सग्गू**
सीनियर डायरेक्टर - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (ब्रेस्ट कैंसर)
गुरुवार, 4 दिसंबर 2025 | सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे
सेवा मेडिकेयर, महावीर चौक मुजफ्फरनगर

**समस्याएँ:** ब्रेस्ट में गांठ , ब्रेस्ट में दर्द या असहजता, ब्रेस्ट के आकार या बनावट में बदलाव, निप्पल में बदलाव, ब्रेस्ट की सूजन (लिम्फ नोड) का बढ़ना इत्यादि।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82188 74540**

www.maxhealthcare.in
**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली** (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर -1, वैशाली, गाजियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में स्पर्धा-2025 की धूम

- बच्चों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम
- राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया उद्घाटन























**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बुस.)** पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में पारंपरिक उत्साह व रंगारंग कार्यक्रमों के बीच "स्पर्धा 2025" का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करके अपनी खेलकूद की प्रतिभा एवं क्षमता का जमकर प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर सुबह से ही बच्चों के उत्साह, खेल भावना और उमंग से सराबोर हो उठा। रंग- बिरंगे झंडों, ट्रैक मार्किंग और खेल सामग्री से सजा मैदान एक मिनी स्टेडियम का दृश्य प्रस्तुस्तुत कर रहा था।

इस दिवस का शुभारंभ व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (उत्तर प्रदेश) कपिल देव अग्रवाल, पूर्व सभासद नवनीत कुच्छल, सभासद शोभित गुप्ता, कुलदीप, विशाल गर्ग ने अपने कर-कमलों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय के चारों सदनों कर्मयोग, राजयोग, भक्तियोग व ज्ञानयोग के बच्चों ने कदमताल मिलाते हुए आगंतुकों को सलामी दी, तत्पश्चात मशाल प्रज्ज्वलित करके हेड गर्ल अपूर्वा चौधरी द्वारा सभी को नियमबद्ध व कर्मठ रहने की शपथ दिलाई गई। वार्षिक क्रीड़ा दिवस स्पर्धा 2025 का शुभारंभ अतिथिगणों ने गुब्बारे एवं कबूतर उड़ाकर किया। स्वागत गीत की प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसके पश्चात क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यालय में नन्हे-मुन्नों ने बॉल रेस, हूप रेस, फ्रॉग रेस, ज़िग-जैग रेस, रैबिट रेस एवं कोन बैलेंसिंग रेस द्वारा सबका मन मोह लिया।

रैबिट रेस में वामिका (कक्षा- प्ले) ने प्रथम, वर्धा (कक्षा- प्ले) ने द्वितीय और आरुष (कक्षा- प्ले) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं ने 80 मीटर हर्डल, 100, 200, 400 मीटर व रिले रेस के अतिरिक्त ऊंची कूद में बढ़-चढ़कर भाग लिया। 80 मीटर हर्डल में मोहम्मद फरहान (कक्षा-11) ने प्रथम, ओशीश गुप्ता (कक्षा- 9) ने द्वितीय और समर्थ (कक्षा- 9) शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बॉयज में नमन (कक्षा- 6) ने प्रथम, रूद्र वीर (कक्षा- 5) ने द्वितीय और विहान (कक्षा- 5) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर गर्ल्स में अवनी (कक्षा- 7) ने प्रथम, अनन्या बंसल (कक्षा- 8) ने द्वितीय और आरोही (कक्षा- 7) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ सदन पुरस्कार ज्ञानयोग और कर्मयोग को और 2025 का सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट पुरस्कार क्रमशः कर्मयोग सदन को दिया गया। विजेता सदन स्पर्धा 2025 की ट्रॉफी राजयोग ने सर्वाधिक मैडल प्राप्त कर की। बाल खिलाड़ियों के रोमांचक प्रदर्शन से अभिभावक भी अत्यंत उत्साहित नजर आए। बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए अभिभावकों की उपस्थिति और तालियों की गड़-गड़ाहट पूरे मैदान में गूंजती रही।

विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्रसेन बिंदल, उपाध्यक्ष अनमोल ढींगरा, सचिव सुशील कुमार, उपसचिव रितिका बिंदल एवं नवीन बिंदल, कोषाध्यक्षा ऋतु शर्मा एवं अमित शर्मा व प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद किया। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम का यह समापन क्षण बच्चों की मेहनत, अनुशासन और रचनात्मक कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है। ग्रांड फिनाले सॉन्ग ने सभी को एकता, खुशी और सकारात्मकता का संदेश दिया। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन ने कहा कि खेल बच्चों को अनुशासन सिखाते हैं, जीवन में संघर्ष करने की क्षमता बढ़ाते हैं और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने खेल विभाग एवं शिक्षकों की टीम की सराहना की, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन उपप्रधानाचार्य राजीव कुमार ने सभी उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद देकर किया।

